आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 12.04.2025 समय : 1850

<><><><><><><>

- अंडमान निकोबार कमान की ओर से कल हाफ मैराथन के अवसर पर यातायात की व्यापक व्यवस्था की गई है।
- पूरे देश के साथ द्वीपसमूह में भी चौदह अप्रैल से अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया जाएगा।
- पद्‌म पुरस्कार–दो हजार छब्बीस के लिए नामांकन स्वीकार किए जा रहे हैं।
- दक्षिण अंडमान शैक्षिक अंचल क्षेत्र के "प्राइमरी" स्तर के छात्रों के लिए अंतर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार कमान की ओर से कल हाफ मैराथन का आयोजन किया जाएगा। नेताजी स्टेडियम से सुबह चार बजे से शुरू होने वाले इस मैराथन के लिए यातायात व्यवस्था की गई है। अबरडीन बाजार से साउथ प्वाइंट की ओर जाने वाले वाहनों को मॉडल स्कूल क्रॉसिंग–एपीडब्ल्यूडी जंक्शन– गांधी पार्क– मुरुगन मंदिर–सिद्दीकी जंक्शन से शादीपुर जंक्शन की ओर भेजा जाएगा। मजार पहाड़ से पुलिस रेडियो, मरीन हिल से शिव मंदिर होते हुए, गवर्नमेंट प्रेस, जेएनआरएम, गर्ल्स स्कूल, स्काउट्स हाउस जंक्शन, धर्मशाला जंक्शन, सुनामी मेमोरियल, खान जंक्शन और डिगनाबाद मछली बाजार के रास्ते किसी भी वाहन की आवाजाही की अनुमति नहीं होगी। साउथ प्वाइंट से अबरडीन बाजार जाने वाले वाहनों को साउथ प्वाइंट–शादीपुर–नयागांव जंक्शन–पुलिस लाइन–आरबीवी–सचिवालय जंक्शन और गोलघर के रास्ते से जाना होगा। इसके अलावा, साउथ प्वाइंट से जीबी पंत

अस्पताल जाने वाले वाहन शादीपुर जंक्शन, सिद्दीकी जंक्शन, मुरुगन मंदिर, गांधी पार्क, एपीडब्ल्यूडी जंक्शन, मॉडल स्कूल, क्लॉक टॉवर और वाई–नारायण जंक्शन के रास्ते से जाएंगे। पुलिस रेडियो, मरीन हिल से डिगनाबाद मछली बाजार जाने वाले वाहन सिस्टी नगर के रास्ते से जाएंगे। जी.बी. पंत अस्पताल से आने वाले सभी वाहनों को स्वास्थ्य सेवा निदेशालय, पुराने आयुष अस्पताल और वाई–नारायण जंक्शन से होकर जाना होगा। मैराथन में शामिल होने वाले गणमान्य व्यक्तियों के वाहनों की पार्किंग नेताजी स्टेडियम पार्किंग के अंदर की जाएगी। प्रतिभागियों के वाहनों की पार्किंग गर्ल्स स्कूल से धर्मशाला जंक्शन तक सड़क के दोनों ओर, नेताजी स्टेडियम के अंदर और टेनिस कोर्ट के अलावा नेताजी स्टेडियम के सामने की जा सकती है।

<><><><><><><>

पूरे देश के साथ द्वीपसमूह में भी सत्तरवें अग्निशमन सेवा दिवस के सिलसिले में चौदह से बीस अप्रैल तक अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया जाएगा। इस वर्ष के अग्निशमन सेवा सप्ताह का विषय है "एकजुट होकर आग जलाओ, आग से सुरक्षित भारत", जो आग से सुरक्षित और लचीला राष्ट्र बनाने में अग्निशमन सेवाओं, उद्योगों, संस्थानों और आम जनता द्वारा एकजुट और समन्वित प्रयासों के महत्व पर जोर देता है। इस अवसर पर कर्तव्य निभाते हुए अपनी जान गंवाने वाले बहादुर अग्निशामकों को श्रद्धांजलि दी जाएगी और जनता में अग्नि सुरक्षा के बारे में जागरूकता को बढ़ावा दिया जाएगा। यह दिवस चौदह अप्रैल उन्नीस सौ चवालीस को बॉम्बे डॉक विस्फोट की याद में पूरे देश में आयोजित किया जाता है, जहां कई अग्निशमन कर्मियों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। सप्ताह भर चलने वाले

आयोजन के हिस्से के रूप में, समुदाय और अग्निशमन सेवा कर्मियों दोनों को शामिल करने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएगी। पूरे सप्ताह के दौरान, आग से सुरक्षा और आपातकालीन तैयारियों के बारे में लोगों को जानकारी देने के लिए प्रमुख प्रतिष्ठानों में जागरूकता अभियान, लाइव प्रदर्शन और मॉक ड्रिल भी आयोजित किए जाएंगे। अंडमान निकोबार अग्निशमन विभाग ने सभी निवासियों, संस्थानों और संगठनों से समर्थन और सहयोग देने का अनुरोध किया है।

<><><><><><>

नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया–एनपीसीआई ने कहा है कि यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस–यूपीआई लेनदेन में कुछ तकनीकी समस्याओं के कारण आंशिक रूप से कमी आ रही है। सोशल मीडिया पोस्ट में एनपीसीआई ने कहा कि वे सुचारू डिजिटल लेनदेन सुनिश्चित करने के लिए समस्याओं को हल करने के लिए काम कर रहे हैं।

<><><><><><>

पद्म पुरस्कार–दो हजार छब्बीस के लिए नामांकन इस वर्ष इक्कतीस जुलाई तक खुले हैं। पुरस्कार विजेताओं के नाम गणतंत्र दिवस दो हजार छब्बीस को घोषित किए जाएंगे। नामांकन की प्रक्रिया पन्द्रह मार्च से प्रारंभ हो चुकी है। गृह मंत्रालय ने बताया है कि पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन और अनुशंसा केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन ही स्वीकार की जाएंगी। पद्म पुरस्कार – पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री – देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल हैं। ये पुरस्कार 'उल्लेखनीय कार्य' को मान्यता देने के लिए प्रदान किए जाते हैं और कला, साहित्य एवं शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा, विज्ञान और इंजीनियरिंग, लोक प्रशासन,

सिविल सेवा, व्यापार एवं उद्योग जैसे सभी क्षेत्रों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों के लिए दिए जाते हैं। जाति, व्यवसाय, पद या लिंग के भेदभाव के बिना सभी व्यक्ति इन पुरस्कारों के लिए पात्र हैं।

<><><><><><>

द्वीपसमूह में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष–दो हजार पच्चीस के लिए चल रहे कार्यक्रम के तहत कल डिगलीपुर स्थित बी वी बी मंडल पब्लिक सेकेंडरी स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सहकारिता आंदोलन में छात्रों की भागीदारी को बढ़ावा देना और युवा पीढ़ी को सहकारी मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित करना था। सत्र के दौरान, वक्ताओं ने ग्रामीण विकास और सामाजिक सशक्तिकरण में सहकारिता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को सहकारी पहलों में सक्रिय रूप से भाग लेने और स्व–सहायता, लोकतंत्र, समानता और एकजुटता जैसे मूल्यों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन सहकारी समितियों के सहायक रजिस्ट्रार अजीत सिंह, सहकारी समितियों के निरीक्षक के. सिमचलम और सहकारी समितियों के उप–निरीक्षक सैकत नाथ ने किया।

<><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान में पॉक्सो के तहत विशेष जज सुभाजीत बसु की अध्यक्षता में एक व्यक्ति को बारह वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ यौन अपराध करने के लिए दोषी ठहराया है। आरोपी को तीन वर्ष के साधारण कारावास और पांच हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई गई है। जुर्माना अदा न करने पर आरोपी को दस हजार रूपये का जुर्माना और दो महीने की अवधि के लिए साधारण कारावास की सजा के

अलावा और एक महीने के लिए साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी। राज्य अभियोजन पक्ष का संचालन जिला एवं सत्र न्यायालय, मायाबंदर के सरकारी अधिवक्ता उत्तम कीर्तनिया ने किया।

<><><><><><><><><>

दक्षिण अंडमान उप शिक्षा अधिकारी की ओर से पहली बार दक्षिण अंडमान शैक्षिक अंचल क्षेत्र के "प्राइमरी" स्तर के लड़के और लड़कियों के लिए अंतर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। नौ अप्रैल से शुरू हुआ हुए इस टूर्नामेंट का पहला सेमीफाइनल कल डॉलीगंज माध्यमिक विद्यालय और वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल प्रातरापुर के बीच खेला गया, जिसमें डॉलीगंज ने एक–शून्य से प्रातरपुर को हराया। आज खेले गए दूसरे सेमीफाइनल में माध्यमिक विद्यालय मंगलूटन ने वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल रंगाचांग को एक–शून्य से पराजित किया। फाइनल मैच मंगलूटन और डॉलीगंज स्कूल के बीच गर्ल्स स्कूल मैदान में खेला जाएगा। लड़कियों के वर्ग में फाइनल मैच रंगाचांग और हम्फ्रीगंज स्कूल के बीच गर्ल्स स्कूल मैदान में खेला जाएगा।

<><><><><><><><><>

द्वीपसमूह के कई भागों में वर्षा हुई। आज सुबह साढ़े आठ बजे तक मायाबंदर में अट्ठारह मिलीमीटर, श्री विजयपुरम में आठ दशमलव पांच, लांग आइलैंड में छः दशमलव छः, हटबे में चार दशमलव आठ, ननकौड़ी में चार और वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में एक दशमलव दो मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई।

<><><><><><><><><>